कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।
**E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com Fax & ☎ 05964- 225234**

पत्रॉक 3513 /12-1 दिनांक, पिथौरागढ़, 6-5-2020।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

**विषयः–** **सुकौली रावलगॉव से गणकोट तक मोटर मार्ग, प्रपोजल सं0 (FP/UK/ROAD/42148/2019)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के कम में यह अवगत कराना है कि आगणन के अनुसार मार्ग कटिंग में कुल 11025.00 घन मी0 मलवा होता है जिसकी विस्तृत जानकारी पत्रांक 213/22याता, दिनांक 29/01/2020 के माध्यम से प्रस्तावक विभाग द्वारा पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। जिसमें कुल उपयोग में लाए जाने वाले **मलवा (पत्थर/रोड़ा/मिट्टी)** की मात्रा– 10232.25 घन मी0 है, उपयोग किए जाने वाले मलवे में पत्थर के साथ रोड़ा व मिट्टी को भी समायोजित किया गया है।

अतः अवशेष मलवा (11025–10232.25ः–792.75 घन मी0) को कार्यस्थल में प्रस्तावित डम्पिंग जोन में टिप्परों के माध्यम से ढोकर फेंका जाएगा।

प्रस्ताव में लगाए गए टोपो एवम् जियो मैप नोडल अधिकारी/अपर प्रमुख वन संरक्षक, भूमि सर्वेक्षण निर्देशालय इन्दिनगर फारेस्ट कालोनी, वन विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आई0टी0 सैल के द्वारा बनाए गए है जिसमें प्रस्तावित मार्ग को लाल रंग से दर्शाया गया है।

उपरोक्त प्रस्ताव **पूर्व में उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त कर सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु भारत सरकार भेजे जा चुके है वर्तमान में 01 हे0 से कम के प्रस्ताव में उत्तराखण्ड शासन द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति** के दिशा निर्देश प्राप्त है जिस कारण उक्त प्रस्ताव को कार्यालय नोडल अधिकारी, वन संरक्षक देहरादून के पत्र के कम में withdraw कर आनलाईन पुनः अपलोड किया गया है। अतः उक्त प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।